Newspaper : Denik Jagran

Edition: Patna Nagar| Date: 10th December, 2018 | Pg 07

पहल | जन भागीदारी से शैक्षणिक व्यवस्था एवं गुणवत्ता में सुधार के लिए राज्य सरकार का प्रयास

प्रारंभिक शिक्षा में मोबाइल से होगा गुणात्मक सुधार

अहमद रजा हाशमी • पटना सिटी

बिहार की प्रारंभिक शिक्षा में गुणात्मक सुधार करने तथा व्यवस्था को और बेहतर बनाने की दिशा में शिक्षा विभाग एक महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रहा है। सभी 38 जिलों के लगभग 72000 प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों को मोबाइल से जोड़ने की तैयारी है। इसके लिए एसएससीए यानी स्कूल स्कोर कार्ड मोबाइल एप्लीकेशन डेवलप किया गया है। इस मोबाइल एप्लीकेशन की मदद से विद्यालयों की स्कूल मैनेजमेंट काम्युनिटी को जोड़ा जाएगा। हैदराबाद की सीएफबीटी द्वारा तैयार यह एप पटना सिटी अनुमंडल क्षेत्र के महेन्द्रू स्थित राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद को सुपुर्द हो चुका है। इसी वित्तीय वर्ष में इस ऐप का इस्तेमाल सिखाने के लिए मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण शुरू होगा। अगले शैक्षणिक सत्र से यह योजना स्कूलों में काम करने लगेगी।

इन 17 सदस्यों को जोड़ा जाएगा मोबाइल ऐप से

एससीइआरटी के आइसीपी एण्ड ऑडियो विजुअल विभाग में रीडर गोपीकांत चौधरी ने बताया कि विद्यालय शिक्षा समिति यानी स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों को इस योजना से जोड़ा जाएगा। इस समिति के अध्यक्ष ग्राम पंचायत एवं नगर निकाय के संबंधित वार्ड के वार्ड सदस्य, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, छात्र-छात्राओं की नौ चयनित माता सदस्य, जीविका के ग्राम संगठन एवंमहिला समाख्या के महिला समूह की दो अध्यक्ष सदस्य, दो चयनित छात्र प्रतिनिधि, विद्यालय के एक वरीय सदस्य, स्कूल के लिए भूदान करने वाले यानी कुल 17 व्यक्ति इससे जुड़ेंगे।

एससीइआरटी ने द्वारा लांच किया गया एप

एससीइआरटी की संयुक्त निदेशक मंजू लाल ने बताया कि इस ऐप से जुड़ने वाले सदस्यों को पहले प्रशिक्षित किया जाएगा। यह संबंधित स्कूल की शिक्षा एवं व्यवस्था से जुड़ी रिपोर्ट ऐप में दर्ज करेंगे। राज्य सरकार द्वारा प्रारंभिक स्कूलों एवं विद्यालयों के लिए चलाई जाने वाली सभी तरह की योजनाओं के क्रियान्वयन की जुड़ी रिपोर्ट भी दे सकेंगे। ऑन लाइन प्राप्त होने वाली इस रिपोर्ट की मॉनीटरिंग शिक्षा विभाग में पदाधिकारियों द्वारा की जाएगी।

प्रत्येक जिले में तैयार होंगे 40 मास्टर ट्रेनर : एससीइआरटी के निदेशक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि एसएससीए के क्रियान्वयन के लिए प्रथम चरण में दस जिलों का चयन किया गया है। यहां के 7200 प्रारंभिक स्कूलों के लिए स्कूल मैनेजमेंट काम्युनिटी के सदस्यों का समूह तैयार कर प्रत्येक जिले से चालीस सदस्यों का नाम प्रेषित करने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा गया है। चालू वित्तीय वर्ष में ही चयनित चालीस-चालीस सदस्यों को महेन्द्रू स्थित एससीइआरटी में मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। यह अपने जिले में जाकर अन्य स्कूल मैनेजमेंट काम्युनिटी के सदस्यों को ऐप का इस्तेमाल करने तथा इसे शिक्षा में सुधार के लिए उपयोगी बनाने का तरीका बताएंगे।